**CB EXCLUSIVE** IIM में ST-SC उद्यमी के लिए शुरू होगा बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम

# 72 घंटे की मैनेजमेंट ट्रेनिंग और 18 घंटे मेंटरशिप के साथ, विशेषज्ञ देंगे टिप्स

**शिवम विश्वकर्मा** • रायपुर



### प्रोग्राम से जुड़ी प्रमुख जानकारी

- **प्रोग्राम का नाम** - बिजनेस एक्सीलरेटर प्रोग्राम
- **आवेदन कब से** - शुरू हो चुका है
- **अंतिम तिथि** - 15 दिसंबर 2025
- **बैच की शुरुआत** - 17 जनवरी 2026
- **सीट** - 50
- **फीस** - 99 हजार (इसमें 90 फीसदी सब्सिडी मिलेगी)

छत्तीसगढ़ के एससी-एसटी उद्यमी अब भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर में बिजनेस मैनेजमेंट सीख सकेंगे। यह राज्य में पहली बार है जब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए विशेष बिजनेस एक्सीलरेटर प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। अब तक यह प्रोग्राम सिर्फ आईआईएम जम्मू और बोधगया में संचालित था, जहां देशभर के उद्यमी शामिल होते थे।

इस कार्यक्रम में आईआईएम के विशेषज्ञ उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, वित्तीय प्रबंधन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंच बढ़ाने की रणनीतियों की जानकारी दी जाएगी। पहली बैच की शुरुआत 17 जनवरी 2026 से होगी। तीन महीने के इस कोर्स के तहत शुरू के सात दिन कैंपस में आवासीय प्रशिक्षण रहेगा। इसके बाद तीन महीनों तक हर शनिवार-रविवार ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। इस कार्यक्रम के लिए 50 प्रतिभागियों का चयन इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। इसमें महिला उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए।

डिक्की छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अभिनव सत्यवंशी ने बताया कि यह मॉडल सबसे पहले डिक्की और नेशनल एससी-एसटी हब की पहल पर आईआईएम जम्मू में शुरू हुआ था। वहां सफल परिणाम मिलने के बाद इसे बोधगया में लागू किया गया। केंद्र सरकार ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने का निर्णय लिया और अब इसे छत्तीसगढ़ के अलावा आईआरएमए आनंद, काशीपुर, नागपुर, रांची, सिरमौर, त्रिची के आईआईएम में भी शुरू कर दिया गया है।

Dainik Bhaskar, 28 Nov 2025, P. 04